भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 61 | बिजौलिया - बुधवार ,14 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

यूपीआई पेमेंट पर नए शुल्क का फैसला दिवाली तक टला, कारोबारियों को राहत

2,000 से अधिक के चुनिंदा मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4% एमडीआर का प्रस्ताव; नई तारीख दिवाली के बाद होगी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली ।

त्योहारी खरीदारी के बीच डिजिटल भुगतान को लेकर प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था फिलहाल टाल दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने चुनिंदा यूपीआई मर्चेंट लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का फैसला दिवाली के बाद तक स्थगित कर दिया है। पहले यह व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी थी। अब नई तारीख अलग से घोषित की जाएगी। इस फैसले से त्योहार के दौरान कारोबारियों को अतिरिक्त भुगतान लागत की नई व्यवस्था के लिए कुछ और समय मिल गया है।



2,000 से अधिक के चुनिंदा भुगतान पर प्रस्ताव

एनपीसीआई की यूपीआई एवं सर्विसेज स्टीयरिंग कमेटी ने निर्धारित शर्तों के तहत आने वाले पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर तय किया है। यह शुल्क सभी यूपीआई भुगतानों पर लागू नहीं होगा। व्यक्तिगत खातों के बीच होने वाले भुगतान और निर्धारित छूट के दायरे में आने वाले लेनदेन इस व्यवस्था से अलग रहेंगे।

10 हजार के भुगतान पर 40 रुपये की गणना

प्रस्तावित दर को उदाहरण से समझें तो पात्र मर्चेंट लेनदेन में 2,000 रुपये के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत के हिसाब से 8 रुपये और 10,000 रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर बनता है। हालांकि, वास्तविक शुल्क लेनदेन की श्रेणी और लागू नियमों पर निर्भर करेगा। 75,000 रुपये या इससे अधिक के पात्र लेनदेन पर शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपये निर्धारित की गई है।

ग्राहको से सीधे शुल्क लेने की अनुमति नहीं

इस व्यवस्था में एमडीआर का भुगतान व्यापारी की ओर से किया जाना है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि ग्राहकों पर यूपीआई भुगतान का अतिरिक्त ट्रांजैक्शन शुल्क नहीं डाला जाएगा। साथ ही, 2,000 रुपये तक के मर्चेंट भुगतान और निर्धारित शून्य-एमडीआर श्रेणी में आने वाले छोटे कारोबारियों के लेनदेन पर शुल्क नहीं लगेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, करीब 96 प्रतिशत मर्चेंट लेनदेन इस बदलाव से अप्रभावित रहेंगे।


त्योहार के बाद लागू होने की तारीख तय होगी

त्योहारी मौसम में बाजार में खरीदारी और डिजिटल भुगतान की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे समय नए शुल्क ढांचे को लागू करने से कारोबारी प्रक्रियाओं और भुगतान व्यवस्था में बदलाव का दबाव पड़ सकता था। इसी अवधि को ध्यान में रखते हुए कार्यान्वयन आगे बढ़ाया गया है। अब कारोबारियों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं की नजर एनपीसीआई की अगली घोषणा पर है। नई तारीख सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि निर्धारित श्रेणियों के लेनदेन पर एमडीआर किस दिन से लागू होगा।

किराए के कमरे में मृत मिला शिक्षक, दो दिन पुराना बताया जा रहा शव

मकान से दुर्गंध आने पर खुला मामला, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव; आत्महत्या के कारणों की जांच जारी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



कस्बे में मंगलवार को वार्ड नंबर 5 स्थित एक किराए के मकान के कमरे से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर उसे तोड़ा गया तो अंदर सरकारी शिक्षक कालूराम मीणा (28) का शव फंदे से लटका मिला। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, शव करीब दो दिन पुराना है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने बताया कि कालूराम मूल रूप से टोंक के रहने वाले थे और गंगापुर के वार्ड नंबर 5 में सुरेश सुवलका के मकान में किराए से रह रहे थे। कमरे से बदबू आने पर आसपास के लोगों ने मकान मालिक को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

कालूराम मीणा की 18 अगस्त 2026 को गंगापुर क्षेत्र की उल्लाई पंचायत के रूपारेल कस्बे स्थित सरकारी विद्यालय में नियुक्ति हुई थी। जानकारी के अनुसार, वे शनिवार को आखिरी बार स्कूल गए थे। रविवार को अवकाश था, जबकि सोमवार को वे विद्यालय नहीं पहुंचे। मंगलवार को कमरे से शव मिलने के बाद उनकी अनुपस्थिति की वजह सामने आई।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, कालूराम चार भाइयों में सबसे छोटे थे। रविवार सुबह उनकी अपने बड़े भाई से फोन पर बातचीत हुई थी। पुलिस को आशंका है कि इसके बाद ही यह घटना हुई होगी, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। कालूराम का करीब एक वर्ष पहले आपसी अनबन के चलते तलाक हुआ था।

पुलिस ने बताया कि शिक्षक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिली है। परिजनों के पहुंचने और उनके बयान लेने के बाद मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी मिल सकेगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।


रीको औद्योगिक क्षेत्र में प्लाईवुड गोदाम धधका, सात दमकलों ने एक घंटे में पाया आग पर काबू

मुरारका फैक्ट्री के सामने पहली मंजिल पर लगी आग से मचा हड़कंप, मजदूरों ने भागकर बचाई जान; टीनशेड तोड़कर बुझानी पड़ी आग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक उठी आग की लपटों ने कुछ ही देर में प्लाईवुड गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में उठते काले धुएं और आग की ऊंची लपटों को देखकर आसपास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे लोगों में हलचल मच गई। मुरारका फैक्ट्री के सामने स्थित गोदाम में आग फैलने से वहां रखा प्लाईवुड और अन्य सामान जल गया। सूचना पर पहुंची सात दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे तक प्रयास कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि गोदाम में काम कर रहे मजदूर समय रहते बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई।





जानकारी के अनुसार, हादसा मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे ग्रीनलैम लेमिनेटेड अदिनों प्लाई के प्रथम तल पर बने गोदाम में हुआ। वहां मजदूर रोजमर्रा की तरह काम कर रहे थे। इसी दौरान प्लाईवुड के ढेर वाले हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया। जब तक कर्मचारी स्थिति को समझ पाते, आग तेजी से फैलने लगी। खतरा भांपते हुए मजदूरों ने बाहर की ओर दौड़कर अपनी जान बचाई।

टीनशेड तोड़कर अंदर पहुंचाया पानी

आग की सूचना मिलते ही नगर निगम और पटेलनगर फायर स्टेशन से दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंचे। गोदाम की पहली मंजिल पर आग फैलने के साथ ऊपर लगा टीनशेड भी गर्मी की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। छत के कारण अंदर तक पानी पहुंचाने में परेशानी आ रही थी। ऐसे में लोडर की मदद से टीनशेड का हिस्सा तोड़ा गया, जिससे दमकलकर्मियों को आग वाले हिस्से तक पानी पहुंचाने में मदद मिली।

इसके बाद दमकलकर्मियों ने लगातार पानी की बौछारें कर आग बुझाने का अभियान चलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लपटों पर नियंत्रण पाया जा सका। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी बनी रही।

सामान जलने से भारी नुकसान की आशंका

गोदाम में रखे प्लाईवुड और अन्य सामग्री के बड़े हिस्से के जलने से नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, नुकसान की वास्तविक राशि का आकलन अभी नहीं हुआ है। मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकल आने से बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक पड़ताल में शॉर्ट सर्किट समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखा जा रहा है। आग की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी।



नौ वर्षों से नवरात्रि में श्रद्धालुओं को करा रहे निःशुल्क भोजन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

मां विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पर बृजेश पुरोहित सेवा संस्थान पिछले नौ वर्षों से शारदीय नवरात्रि के दौरान नौ दिन तक निःशुल्क भोजन सेवा कर रहा है। मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दराज से आने वाले और ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन शाम को भोजन की व्यवस्था की जाती है।

संस्थान के वैभव पुरोहित ने बताया कि अध्यक्ष राजेश कुमार, लोकेश कुमार पुरोहित सहित सदस्य सामूहिक सहयोग से इस सेवा को संचालित करते हैं। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ धार्मिक आस्था के अवसर पर सेवा भावना को बढ़ावा देना है।

खजीना की बेटियों ने संभाग स्तर पर लहराया परचम, गांव लौटने पर भव्य स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

जसवंत पारीक

खेल मैदान में शानदार प्रदर्शन कर अजमेर संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली खजीना की बेटियों ने गांव का नाम रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय की छात्राओं ने संभाग स्तरीय छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी और वॉलीबॉल में जनरल चैंपियनशिप जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद गांव लौटी टीम का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान सवाईपुर से खजीना तक करीब तीन किलोमीटर लंबा विजय जुलूस निकाला गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उनकी सफलता पर खुशी जताई।

23 छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन

विद्यालय की खेल उपलब्धियों में सबसे खास बात यह रही कि कुल 23 छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इनमें 12 छात्राओं ने वॉलीबॉल और 10 छात्राओं ने कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, 1500 मीटर दौड़ में विद्यालय की एक छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में भी टीम उपविजेता रही। छात्राओं की इन उपलब्धियों से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

विजय जुलूस में उमड़ा ग्रामीणों का उत्साह

संभाग स्तर पर जीत हासिल कर लौटी खिलाड़ियों के स्वागत के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। सवाईपुर से खजीना तक निकाले गए विजय जुलूस में ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धि को पूरे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया। ग्रामीणों ने कहा कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना ने क्षेत्र को नई पहचान दिलाई है।

विजयनगर में हुई थी प्रतियोगिता

उल्लेखनीय है कि अजमेर संभाग स्तरीय छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता विजयनगर स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में खजीना विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की। टीम प्रभारी अनीता बाहेती, कौशिक कुमार शर्मा और योगेश कुमार मीणा भी खिलाड़ियों के साथ रहे।

भीलवाड़ा में कई क्षेत्रों में पांच घंटे बिजली बंद रहेगी

सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित, दो फीडरों से जुड़े इलाके होंगे प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विद्युत लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते बुधवार को शहर के कई क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि 11 केवी सिंधु नगर, सालासर बालाजी और सुभाष नगर थाना फीडर से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली बंद

सिंधु नगर और सालासर बालाजी फीडर से जुड़े तेज सिंह सर्किल, श्याम विहार, ज्योति नगर, मुहम्मदी कॉलोनी, बोहरा कॉलोनी, गांधी सागर तालाब के सामने, भवानी नगर, सुंदरम रिसोर्ट, लक्ष्मी नगर, हनुमान कॉलोनी, शास्त्री नगर विस्तार, बड़ला चौराहा, स्विफ्ट कॉलेज, मंगलम प्लाजा, इंद्रा कॉलोनी, हरनी रोड, कनक पेट्रोल पंप, सेंट्रल एकेडमी स्कूल, सांवरिया रिसोर्ट, गोकुलम विलास, वैभव नगर, न्यू हाउसिंग बोर्ड, कीर्ति नगर, हुसैन कॉलोनी, सालासर बालाजी और भोपालपुरा रोड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 केवी सुभाष नगर थाना फीडर से जुड़े श्री गेस्ट हाउस, वर्धमान कॉलोनी, घाटा रानी चक्की, सुभाष नगर थाना, प्रज्ञा भवन, कृष्णा हॉस्पिटल, बांगड़ हॉस्पिटल, आरसी व्यास सेक्टर नंबर 8, विद्युत नगर और संजय कॉलोनी के आसपास के क्षेत्रों में भी सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

बिजोलिया में चुनावी रण तेज: भाजपा-कांग्रेस ने उतारे 30 प्रत्याशी, 66 ने भरे पर्चे

15 पंचायत समिति वार्डों में दोनों दलों ने घोषित किए उम्मीदवार, 36 अन्य दावेदार भी मैदान में; 15 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

पंचायत राज चुनाव को लेकर क्षेत्र में सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। पंचायत समिति सदस्य के नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को उपखंड कार्यालय में उम्मीदवारों की आवाजाही बनी रही। अंतिम दिन तक 128 नामांकन पत्र खरीदे गए, जबकि 81 उम्मीदवारों में से 66 ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। दूसरी ओर, भाजपा और कांग्रेस ने पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों के लिए अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दोनों दलों के 30 अधिकृत उम्मीदवारों के अलावा 36 अन्य उम्मीदवारों के नामांकन भी सामने आए हैं। ऐसे में नाम वापसी तक कई वार्डों में मुकाबले की तस्वीर बदलने की संभावना बनी हुई है।

पंचायत समिति क्षेत्र में दो जिला परिषद सदस्यों, 15 पंचायत समिति सदस्यों और 26 ग्राम पंचायतों के चुनाव होने हैं। पंचायत समिति के नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में जनसंपर्क की तैयारी तेज कर दी है। हालांकि, अंतिम मुकाबला किन प्रत्याशियों के बीच होगा, यह 15 अक्टूबर को नाम वापसी की समयसीमा समाप्त होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

कांग्रेस ने 15 वार्डों में घोषित किए उम्मीदवार

कांग्रेस ने वार्ड 1 से विजय तिवाड़ी, वार्ड 2 से भंवर मीणा, वार्ड 3 से मीनाक्षी कराड़, वार्ड 4 से रामेश्वर भील, वार्ड 5 से कमलेश शर्मा, वार्ड 6 से मनोज यादव और वार्ड 7 से घिसी रेगर को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह वार्ड 8 से कैलाश भील, वार्ड 9 से लक्ष्मी भील, वार्ड 10 से सुनीता भील, वार्ड 11 से सुनीता बलाई, वार्ड 12 से गायत्री धाकड़, वार्ड 13 से अजंता धाकड़, वार्ड 14 से सौदान गुर्जर और वार्ड 15 से मुकेश बंजारा को टिकट दिया गया है।

भाजपा ने भी सभी वार्डों में उतारे प्रत्याशी

भाजपा ने वार्ड 1 से प्रकाश चंद शर्मा, वार्ड 2 से रामराज मीणा, वार्ड 3 से आरती कुमारी मेघवंशी, वार्ड 4 से हेमराज मीणा, वार्ड 5 से राजेन्द्र कुमार बंजारा, वार्ड 6 से शिवराज सोयल और वार्ड 7 से सम्पत देवी खटिक शामिल हैं।

वार्ड 8 से अनिल मेघवंशी, वार्ड 9 से गीता मीणा, वार्ड 10 से रुकमा भील, वार्ड 11 से रितु धाकड़, वार्ड 12 से लवली धाकड़, वार्ड 13 से कांता देवी धाकड़, वार्ड 14 से अभिषेक सर्वा और वार्ड 15 से नरसिंह बंजारा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

जिला परिषद की दो सीटों पर भी दलों ने तय किए नाम

जिला परिषद सदस्य के वार्ड 44 और 45 को लेकर भी भाजपा-कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। कांग्रेस ने वार्ड 44 से पूर्व प्रधान कैलाश मीणा और वार्ड 45 से सोजीराम मीणा को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने वार्ड 44 से नरोत्तम धाकड़ और वार्ड 45 से राधा देवी को प्रत्याशी बनाया है। जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों को लेकर अब दोनों दलों की नजरें मतदाताओं के बीच जनसंपर्क पर रहेंगी।

नाम वापसी के बाद सामने आएगी मुकाबले की तस्वीर

पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 66 नामांकन दाखिल होने से अधिकृत उम्मीदवारों के अलावा अन्य दावेदार भी चुनावी मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस के 30 घोषित प्रत्याशियों के अतिरिक्त 36 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। अब नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद ही यह तय होगा कि कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में बने रहते हैं और किन वार्डों में सीधा या बहुकोणीय मुकाबला होगा। फिलहाल क्षेत्र में पंचायत राज चुनाव की सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

तीन विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर, विद्यार्थियों को बताए शिक्षा और सुरक्षा के अधिकार

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें शिक्षा के अधिकारों से अवगत कराने और किसी भी प्रकार के भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बे सहित सहाड़ा के तीन विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत आयोजित इन शिविरों में विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण, शिक्षा के अधिकार और कानूनी संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

तालुका विधिक सेवा समिति, गंगापुर के सचिव निखिलेश जीनगर ने बताया कि कार्यक्रम की थीम 'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं : अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाओ, अपनी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहो' रखी गई। इसके तहत अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गंगापुर अनीता टेलर ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित दवे ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तथा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पारुल चौहान ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सहाड़ा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए।

शिविरों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्यालयों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं, प्रशिक्षित शिक्षक, सुरक्षित वातावरण और भेदभाव रहित शिक्षा उपलब्ध कराना जरूरी है। साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

कार्यक्रम में प्रवेश स्तर पर पात्र बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों के प्रावधान की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी असुरक्षित स्थिति या अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उचित माध्यम से शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गंगापुर के अधिवक्ता मदनलाल जीनगर, सज्जन बैरवा, अंशुल सुखवाल, पीएलवी नारायण लाल सरगरा एवं राजेंद्र टेलर सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अध्यापकगण उपस्थित रहे।

माणिक्य लाल वर्मा कॉलेज में नए मतदाताओं को दी पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के उद्देश्य से श्री माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा में निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से पंजीयन करवाकर उन्हें मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर बी.एल. जागेटिया के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप, ईसीआई नेट और फॉर्म संख्या-6 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। एप के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया का व्यावहारिक परिचय भी दिया गया, जिससे विद्यार्थी स्वयं मतदाता पंजीकरण के चरणों को समझ सकें। कार्यशाला में निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. रजनी गगवानी, सह-नोडल अधिकारी एवं सहायक आचार्य सांवर मल व्यास, रविंद्र सिंह राव तथा पंकज कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार, परिचितों और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।



QUICK BITES

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

न्यायाधीश रूपल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार एवं कानूनी जागरूकता की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज कार्यक्रम के तहत आदर्श मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश रूपल अग्रवाल ने की।

न्यायाधीश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और कानून का सम्मान करने का आह्वान किया। पैनल अधिवक्ता सुनील कुमार जोशी ने संविधान के मौलिक अधिकारों, समानता के अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार के बारे में बताया।

इस अवसर पर रीडर गोपेश शर्मा, पीएलवी गोपाल लाल पाराशर, सुनीता नायक एवं रघुराज सिंह, विद्या भारती के प्रांत मंत्री विमल जैन, प्रधानाचार्य सोहन लाल वैष्णव सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर धूमधाम से संपन्न हुआ भगवान शिव-पार्वती विवाह, श्रद्धालुओं ने लिया भक्तिमय आनंद

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।





श्री सिंगोली श्याम में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव के तृतीय दिवस पर भगवान शिव एवं माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कथा प्रवक्ता मुरलीधर पंचोली बरूंदनी ने शिव विवाह प्रसंग का संगीतमय वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण छा गया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के विवाह का बड़े ही उत्साह और धूमधाम से आनंद लिया। भजनों, जयकारों और मंगलमय वातावरण के बीच श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन नजर आए।

महाराज ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के माध्यम से प्रेम, समर्पण, तपस्या और अटूट विश्वास का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव एवं माता पार्वती का दिव्य विवाह भारतीय सनातन संस्कृति में श्रद्धा, पवित्रता और आदर्श दांपत्य जीवन का प्रतीक है।

तृतीय दिवस की कथा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शिव विवाह के पावन प्रसंग का आनंद लिया। संपूर्ण कथा स्थल हर-हर महादेव और जय माता पार्वती के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने तक जारी रहेगा अभियान : गोपालानंद महाराज

हरि सेवा धाम में गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला बैठक, संतों ने गौ संरक्षण और जनजागरण पर दिया जोर





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को हरि सेवा धाम उदासीन आश्रम में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण के तहत जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। संत-महात्माओं के सानिध्य में हुई बैठक में गौ संरक्षण, जनजागरण और हस्ताक्षर अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। संत गोपालानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने तक अभियान निरंतर जारी रहेगा।

ग्वाल संत गोपालानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की मूल आधारशिला हैं। श्रीमद्भागवत, गीता और पुराणों में गौ माता की महिमा का वर्णन मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गौ संरक्षण, कृषि और वाणिज्य को विशेष महत्व दिया। उन्होंने कहा कि गोवंश की दुर्दशा के लिए समाज की उदासीनता भी जिम्मेदार है। प्लास्टिक खाने से गोवंश की मृत्यु और कत्लखानों तक पहुंचने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने समाज से गौ सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

महाराज ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक गौ भक्त को समय देना होगा। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने और सरकार तक गौ संरक्षण की मांग लगातार पहुंचाने पर जोर दिया।

गौ संरक्षण के लिए जनजागरण जरूरी : हंसराम महाराज

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने कहा कि गौ सम्मान आह्वान अभियान की शुरुआत 30 दिसंबर को हरि सेवा धाम से हुई थी, जो आज देशभर में गूंज रहा है। उन्होंने हरि सेवा धाम को अभियान की तपोभूमि बताते हुए कहा कि जब तक गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं मिलता और गोवध पर प्रतिबंध नहीं लगता, तब तक जनजागरण के प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने गौ सेवा को जागृत देवता की सेवा बताते हुए देशी गिर गाय पर यूरोप में हो रहे अनुसंधान का भी उल्लेख किया।

गौ माता से भावनात्मक जुड़ाव जरूरी : कोठारी

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना और गोहत्या बंद करवाना है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इतने वर्षों में भी गौ माता को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाया है। गौ माता केवल दृष्टि का नहीं, बल्कि सृष्टि का विषय हैं। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के साथ प्रत्येक व्यक्ति का गौ माता से हृदय से जुड़ना जरूरी है, तभी स्थायी समाधान संभव होगा।

कोठारी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक 20 करोड़ हस्ताक्षर होने की जानकारी दी गई है तथा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने भीलवाड़ा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांवों को गोद लेकर काम करने की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 10 गांव गोद लिए जा चुके हैं और 15 अन्य गांवों को गोद लेने की तैयारी है। उन्होंने आगामी 15 अगस्त तक गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की दिशा में ठोस व्यवस्था होने की उम्मीद भी जताई।

तीसरे चरण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान

अभियान के प्रदेश प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम और द्वितीय चरण में 426 के मुकाबले 441 तहसीलों से समर्थन मिलना उत्साहजनक रहा। उन्होंने तीसरे चरण में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी आदेश सोनी ने गौ भक्तों से 17 दिसंबर तक पूरी तत्परता से अभियान में जुटने और गोहत्या की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जनसमर्थन मजबूत करने का आह्वान किया।

जैन संत सुरेश मुनि महाराज, हाथीभाटा आश्रम के संतदास महाराज और संत प्रकाशानंद महाराज ने भी गौ संरक्षण के लिए अधिकाधिक समय देने तथा अभियान को सफल बनाने की अपील की। जिला समन्वयक सुनील जागेटिया ने गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने को भारतीय संस्कृति की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताया। संत पुनीतदास त्यागी ने कहा कि भारत ऋषि और कृषि परंपरा का देश रहा है, ऐसे में गौ माता की सेवा और संरक्षण के लिए समाज को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

बैठक में प्रदेश प्रभारी बहादुर सिंह, संत प्रकाशानंद, संतदास हाथीभाटा, पुजारी मुरारी पांडे, संत पुनीतदास, रूपानंद सरस्वती, पं. मथुरादास सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। प्रारंभ में कैलाश जीनगर ने मां भारती और गौ माता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। संतों और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल टाक ने किया। संभाग प्रभारी नंदकिशोर साहू और जिला प्रभारी जगदीश चंद्र तेली ने आभार व्यक्त किया। बैठक में पूर्व उप जिला प्रमुख टी.सी. चौधरी, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, विवेकानंद केंद्र के प्रदेश प्रभारी भगवान सिंह चौहान, अभियान के चित्तौड़गढ़ प्रभारी गौरव सोमानी सहित जिलेभर से आए तहसील प्रभारी, गौ भक्त, कार्यकर्ता और गौ सेवक मौजूद रहे।

आस्था और संस्कृति के रंगों में रंगा शाहपुरा, निकली बहराणा साहेब की शोभायात्रा

समाज गौरव सम्मान से विभूतियां नवाजीं, बुजुर्गों का सम्मान कर अखंड ज्योति का किया विसर्जन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी। असू चेटीचंड महोत्सव पर पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान झूलेलाल की महाआरती, बच्चों-महिलाओं की प्रतियोगिताओं, समाजसेवियों के सम्मान और बहराणा साहेब की शोभायात्रा में समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया।

पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी और सचिव नरेश लखपतानी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लीलाराम वासवानी, मूलचन्द पेसवानी, मोहनलाल



लखपतानी और डिंपल वासवानी को समाज गौरव सम्मान से नवाजा गया। महिला मंडल की पांच महिलाओं सहित करीब दो दर्जन वरिष्ठ महिला-पुरुषों का भी सम्मान किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

शाम को झूलेलाल मंदिर से निकली बहराणा साहेब की शोभायात्रा पिवणिया तालाब पहुंची, जहां अखंड ज्योति का जल विसर्जन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेन, उपाध्यक्ष डॉ. इशाक मोहम्मद और पार्षद रचना सुनील मिश्रा ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद आम भंडारा हुआ और तालाब की पाल पर डांडिया व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव ने सिंधी संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता और बुजुर्गों के सम्मान का संदेश दिया।

पंचायतीराज चुनाव: मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

जिले में दो चरणों में मतदान, 22 से 30 अक्टूबर तक अलग-अलग तिथियों पर होगा मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायतीराज चुनाव के तहत मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के लिए राज्य सरकार ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वित्त (मार्गोपाय) विभाग, राजस्थान जयपुर की 8 अक्टूबर की अधिसूचना के अनुसार जिले में दो चरणों में होने वाले पंचायतीराज चुनाव के दौरान संबंधित पंचायत समिति क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

प्रथम चरण में इन क्षेत्रों में रहेगा अवकाश

प्रथम चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 22 अक्टूबर 2026, गुरुवार को मतदान होगा। वहीं, पंच एवं सरपंच पदों के लिए 24 अक्टूबर 2026, शनिवार को मतदान निर्धारित है। इस चरण में कोटड़ी, जहाजपुर, खजूरी, मांडलगढ़, बिजोलिया, मांडल, करेड़ा, सुवाणा एवं बनेड़ा पंचायत समिति क्षेत्रों में संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

दूसरे चरण का मतदान 28 और 30 अक्टूबर को

द्वितीय चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 28 अक्टूबर 2026, बुधवार को मतदान होगा। पंच एवं सरपंच पदों के लिए 30 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को मतदान निर्धारित है। इस चरण में रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, फूलियाकलां, आसींद, शंभूगढ़ एवं हुरड़ा पंचायत समिति क्षेत्रों में संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

पुनर्मतदान पर भी लागू होगा अवकाश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि मतदान की तिथि में परिवर्तन होता है या किसी क्षेत्र में पुनर्मतदान कराया जाता है, तो संशोधित मतदान दिवस अथवा पुनर्मतदान के दिन भी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग में माया सबसे बड़ी बाधा-आचार्य रामदयालजी महाराज

रामद्वारा धाम से पंचमी गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा कल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रत्येक साधक के मन की भावना होती है कि उसे राम रूपी परमात्मा की प्राप्ति हो जाए। साधक वहीं होता जिनका दया स्वभाव, शील का संकल्प, संतोष की वृति ओर सत्य के प्रति समपर्ण का भाव होता है। ये चार बाते जिसमें आ गई उसे राम तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं आएगी। रामचरण अनुरागी का इन चार बातों से गहरा सम्बन्ध होता है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत मंगलवार को दैनिक सत्संग में व्यक्त किए। चातुर्मासिक आयोजन के तहत आसोज शुक्ला पंचमी 15 अक्टूबर गुरूवार को सुबह 9 बजे माणिक्यनगर रामद्वारा धाम से पंचमी गोटकाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

सत्संग में आचार्यश्री ने कहा कि अनुभवी



महापुरूषों ने राम का दीदार नहीं हो पाने के पीछे सबसे बड़ी बाधा माया को बताया है। माया ऐसी तलवार है जिससे कटे बिना कोई नहीं रहता। साधना में सबसे बड़ी बाधा माया होती है। ये साधक को भटकाती है तो गृहस्थ को साधना से जुड़ने नहीं देती। आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में सिनेमा, सिगरेट, सट्टा, सुरा सुंदरी के अप संस्कारों के पैर पसारने से सत्संग, सदाचार, सद्भावना व शांति काफूर हो गई है। सिनेमा व मोबाइल के दुष्प्रभाव से समाज व्यथित है, कोई भी दिल पर हाथ रखकर ये नहीं कह सकता कि वह पूर्ण सुखी है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाना चाहते है तो उसके लिए मीरा, ध्रुव व प्रहलाद जैसी भक्ति करनी होगी। पाश्चात्य संस्कृति में डूबा युवा सांसारिक सुख पाने की चाह में भोग वासना के जाल में उलझ कर धर्म के मार्ग से विमुख होता जा रहा है। इन्द्रियों पर संयम रखे बिना परमात्मा की साधना नहीं हो सकती।

आचार्यश्री ने कहा कि वासना व्यक्ति को भटकाव के मार्ग पर ले जाती है ओर वासना के कारण व्यक्ति कभी अपनी विकृतियों ओर संस्कृति पर चिंतन नहीं कर पाता है। वासना की पूर्ति के लिए व्यक्ति उपासना के चारों तत्वों का अनादर करने से भी नहीं हिचकता है। माता पिता बच्चों को पढ़ने व बिजनेस के लिए बाहर भेजते है पर वह उनकी आंखों में भी धूल झोंकते है। उन्होंने कहा कि याद रखे दुनिया में सबकी आंखों में धूल झोंकी जा सकती पर परमात्मा से कुछ भी नहीं छुपाया जा सकता है। बच्चों का पांच वर्ष तक पालन पोषण करने के साथ 10 वर्ष की उम्र तक गलत कार्य पर ताड़ना देनी चाहिए। एक उम्र के बाद उसके साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। माता-पिता इकलौती संतान के मोह में उसका गलत आचरण भी स्वीकार कर लेते है।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रतिदिन रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। दैनिक सत्संग सुबह 9 बजे से हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

छऊ नृत्य में दिखे मां दुर्गा के नौ स्वरूप, मयूर नृत्य ने मोहा मन

विरासत-2026 में पद्मश्री तारापद रजक की प्रस्तुति, विद्यार्थियों को भारतीय लोकसंस्कृति से रूबरू होने का मिला अवसर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

स्पीक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित विरासत-2026 कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विश्वप्रसिद्ध छऊ नृत्य कलाकार पद्मश्री तारापद रजक ने आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों और भगवान कार्तिकेय के मयूर नृत्य के माध्यम से भारतीय पौराणिक कथाओं, लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की



प्रधानाचार्या आशा भाटिया और आमंत्रित कलाकारों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्पीक मैके भीलवाड़ा की कॉर्डिनेटर अनु प्रजापत ने बताया कि पश्चिम बंगाल की पारंपरिक छऊ नृत्य शैली पर आधारित प्रस्तुति में आकर्षक मुखौटों, पारंपरिक वेशभूषा और भावपूर्ण नृत्य के जरिए गणेश, कार्तिकेय, शिव-पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूपों का चित्रण किया गया।

प्रस्तुति में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत, शक्ति और सद्भाव का संदेश दिया गया। कलाकारों की भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध नृत्य ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से दुर्गा नृत्य और मयूर नृत्य की प्रस्तुति को सराहना मिली।

कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यार्थी और अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की समृद्ध लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिला।

तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव का भूमि पूजन कल

20 नवंबर को पहली बार आएगी गढ़बोर चारभुजानाथ की भव्य बारात, मेडिसिटी ग्राउंड पर 17 नवंबर से शुरू होंगे आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में 20 नवंबर को आयोजित होने वाले 16108 श्री तुलसी-शालिग्रामजी विवाह महामहोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन की शुरुआत के लिए 15 अक्टूबर को आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड पर भूमि पूजन एवं महाध्वज स्थापना की जाएगी। अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12.11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में 21 युगल पूजन करेंगे। महोत्सव के तहत 17 नवंबर से धार्मिक आयोजन शुरू होंगे और 20 नवंबर को श्री गढ़बोर चारभुजानाथ की भव्य बारात भीलवाड़ा पहुंचेगी।

श्री तुलसी शालिग्राम विवाह समिति, सकल



सनातन परिवार भीलवाड़ा एवं समस्त श्री चारभुजा पदयात्री संघ की ओर से आयोजित इस महोत्सव में भूमि पूजन एवं वैदिक अनुष्ठान श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज के मार्गदर्शन और मुख्य आचार्य योगेन्द्र शर्मा के सानिध्य में संपन्न होंगे।

संत-महात्माओं का मिलेगा सानिध्य

भूमि पूजन एवं महाध्वज स्थापना समारोह में महामंडलेश्वर हंसरामजी महाराज, महामंडलेश्वर बाबूगिरी महाराज, महंत लक्ष्मणदास त्यागी, महंत बनवारीशरण काठियाबाबा सहित विभिन्न संत-महात्माओं का सानिध्य रहेगा। आयोजन को लेकर समिति की ओर से व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने की अपील

महोत्सव के संयोजक एस.एन. गग्गड़ ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कचोलिया, सचिव देवेन्द्र सोमाणी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन स्थल पर भूमि पूजन के साथ ही महोत्सव से जुड़ी तैयारियों को गति मिलेगी।

समिति की ओर से श्रद्धालुओं से विवाह महोत्सव में सहभागी बनने के लिए पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आयोजकों के अनुसार, भीलवाड़ा में पहली बार होने वाले इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकाली, मतदान के लिए किया प्रेरित

स्वीप कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन, दिव्यांगजनों को मतदान प्रक्रिया और सुविधाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

पंचायत राज चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कस्बे में स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। नवजीवन दिव्यांग सेवा समिति एवं पंचायत प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित रैली को ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा और समाज कल्याण विभाग के नितिन जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी स्वाति तथा विकास अधिकारी युगल किशोर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भाग लिया। रैली के दौरान दिव्यांगजनों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नितिन जैन और रतिराम मीणा ने दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया और मताधिकार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से मतदान में भाग लेने की अपील की।

रैली ग्राम पंचायत कार्यालय से रवाना होकर बस स्टैंड और बाईपास मार्ग से होते हुए वापस पंचायत कार्यालय पहुंची।

इस अवसर पर सत्यनारायण सुथार, मोहम्मद शाबीर रंगरेज, उदयलाल, रामपाल धाकड़, रामप्रसाद धाकड़, दुर्गा देवी, मुकेश आचार्य, नारायण लाल, कालूलाल और मदनलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

छात्राओं ने गिनाईं शहर की समस्याएं, समाधान पर किया मंथन

'मेरा शहर समस्याएं और समाधान' संवाद कार्यक्रम में स्वच्छता, यातायात और जल संरक्षण पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर की समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान तलाशने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय में 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के तहत 'मेरा शहर समस्याएं और समाधान' विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने की।

संवाद के दौरान छात्राओं ने शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे। साथ ही नागरिक जिम्मेदारियों और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए रचनात्मक सुझावों पर चर्चा की गई।

प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय समस्याओं को समझना और उनके समाधान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से जागरूक नागरिक बनकर शहर के विकास में योगदान देने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य रेखा मेहता ने किया। उन्होंने छात्राओं को संवाद के माध्यम से अपनी बात रखने, समस्याओं का विश्लेषण करने और समाधानपरक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

QUICK BITES

मतदान दिवस पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के कार्मिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवहेलना करने पर कार्रवाई के दिये निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्रम आयुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित सभी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों को मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग करने का अवसर प्रदान करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में प्रथम व द्वितीय चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में कार्यरत सभी कामगारों को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा।

उप श्रम आयुक्त ने बताया कि यह व्यवस्था लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, तथा राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के प्रावधानों के तहत लागू होगी।

अवसंरचना एवं कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा विद्यालय में सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को साईं सिद्धार्थ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय अवसंरचना एवं कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को विद्यालय भवन, पेयजल, शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं तथा शिक्षा से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी गई।

तालुका विधिक सेवा समिति एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं समिति अध्यक्ष प्रिया मीणा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के महत्व और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रशासक सत्यप्रकाश गीया ने विद्यार्थियों को विद्यालय की सुरक्षा और शिक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से जागरूक होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने तथा विद्यालय के नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पीएलवी कमलेश सुखवाल, तालुका सचिव मुकेश सैनी, पैनल अधिवक्ता पवन जीनगर सहित विद्यालय स्टाफ की मेघना जैन, प्रहलाद साहू, कैलाश, निर्मला सोनी, निरपता सिसोदिया और अलीशा नायक उपस्थित रहे।

जिले के 41 विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर, बच्चों को बताए सुरक्षा के अधिकार

'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं' थीम पर आयोजन, असुरक्षित भवन और सुविधाओं की कमी पर आवाज उठाने के लिए किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बच्चों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के 41 सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अभय जैन के निर्देशन में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे' अभियान के तहत आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों को विद्यालय में सुरक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविरों का मुख्य विषय 'सुरक्षित स्थान, जहां सपनों को पंख मिलते हैं' रहा। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के तहत निर्धारित मानकों से अवगत कराया। बच्चों को बताया गया कि सुरक्षित विद्यालय भवन, स्वच्छ पेयजल, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और सुरक्षित खेल मैदान जैसी सुविधाएं उनका अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षित वातावरण में जीवन और शिक्षा के महत्व की जानकारी भी दी गई।

असुरक्षित स्थिति दिखे तो तुरंत दें सूचना

विद्यार्थियों को समझाया गया कि यदि विद्यालय की छत में दरारें हों, प्लास्टर गिर रहा हो, बिजली के तार खुले हों या खेल का मैदान असुरक्षित हो, तो इसकी सूचना तत्काल शिक्षकों, अभिभावकों या विद्यालय प्रबंधन समिति को दें। किसी आपात स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और नालसा की विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क करने की जानकारी भी दी गई।

हर महीने दो मंगलवार को होते हैं शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि अभियान के तहत जिले में प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को अलग-अलग विषयों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। जिला मुख्यालय और तालुका स्तर पर न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी।

जिला मुख्यालय पर पवन कुमार सिंघल, महेंद्र कुमार ढाबी, बृजेश पंवार, नवीन चौधरी, रेखा वाधवा, मीना अग्रवाल, नागेंद्र सिंह, पवन काला, ऋचा चौधरी, निलेश सिंह चौधरी और देवांगिनी औदिच्य सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित किए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।